कक्षा बारहवीं

विषय हिंदी

कविता 'कैमरे में बंद अपाहिज' परआधारित

बहुविकल्पीय प्रश्न 1

कैमरे में बंद अपाहिज कविता के रचनाकार कौन हैं? क) त्रिलोचन शास्त्री
ख)केदारनाथ सिंह ग)रघुवीर सहाय घ)कुंवर नारायण

2 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में अपाहिज के साथ किया गया व्यवहार समाज में क्या स्थिति पैदा करता है?

क) अमानवीय तथा भयानक स्थितियां ख)संवेदना पूर्ण स्थितियां
ग)मानवीय स्थितियां घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

3' कैमरे में बंद अपाहिज' कविता किसका उदाहरण है?

क) करुणा की आड़ लेकर सामाजिक संवेदनशीलता का दिखावा करना का
ख)संवेदनशीलता का ग)अपाहिज व्यक्ति की कारूणिक दशा दिखाने का
घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

4 'पर्दे पर वक्त की कीमत है' पंक्ति से कार्यक्रम प्रस्तुतकर्ता का क्या आशय है?

क) रोने वाले दृश्य को ज्यादा समय तक ना दिखाना ख)पैसा बर्बाद करना
ग) समय की बर्बादी
घ) उपरोक्त सभी

5 पर्दे पर वक्त की कीमत का एहसास किसे कराया जाता है?

क) अपाहिज व्यक्ति द्वारा प्रस्तुतकर्ता को ख) प्रस्तुतकर्ता द्वारा कैमरामैन को ग)कैमरामैन द्वारा प्रस्तुतकर्ता को
घ) प्रस्तुतकर्ता द्वारा अपाहिज व्यक्ति को

6 कार्यक्रम प्रस्तुत करता पर्दे पर क्या दिखलाते हैं?

क) अपाहिज के दुखी मन की प्रस्तुति ख) अपाहिज की फूली हुई आंखें और उसके होठों की कसमसाहट

ग)अपाहिज को मुआवजा देते हुए घ)उपरोक्त में से कोई नहीं

7 प्रस्तुतीकरण और कार्यक्रम की सफलता कब मानी जाएगी?

क) जब दुखी व्यक्ति व दर्शक दोनों रोएंगे ख) जब केवल दुखी व्यक्ति रोएगा ग)जब केवल दर्शक रोएंगे घ)जब कार्यक्रम प्रस्तुत करता रोएगा

8 कार्यक्रम प्रस्तुतकर्ता अपाहिज को रुलाने के लिए क्या करता है?

क) स्वयं रोने का दिखावा करता है ख)बार-बार प्रश्न करता है ग)उसकी अपंगता का मजाक उड़ाता है घ)उपरोक्त में से कोई नहीं

9 अपाहिज को दुखी करने व उसे कैमरे के सामने रोने पर मजबूर करना किस तरह का प्रदर्शन है?

क) अमानवीयता का ख,)क्रूरता का

ग)झूठी सहानुभूति का घ)उपरोक्त सभी

10 अपंगता के स्वयं इशारे करके प्रस्तुतकर्ता का क्या उद्देश्य है?

क) लोगों के अंदर की करुणा व दया को जगाना ख) अपाहिज होने के दुख को व्यक्त करना ग)अपाहिज व्यक्ति को अपमानित करना घ)उपरोक्त में से कोई नहीं

11 कार्यक्रम प्रस्तुतकर्ता का प्रमुख उद्देश्य क्या है?

क) अपाहिज व्यक्ति की मनोवृति को पेश करना ख) अपाहिज व्यक्ति के माध्यम से व्यवसायिक लाभ उठाना

ग)अपाहिज व्यक्ति के दुख को बांटना घ)उपरोक्त में से कोई नहीं

12 प्रस्तुत कविता में किस पर व्यंग किया गया है?

क) कार्यक्रम प्रस्तुतकर्ता की शैली पर ख)अपाहिज व्यक्ति पर

ग) समाज पर

घ) संवेदनशील लोगों पर

13 अपाहिज व्यक्ति के लिए सबसे कष्टदायक स्थिति क्या होती है?

क) अपने दुख को व्यक्त ना करना ख)अपने दुख व अक्षमता को पुनः याद करना ग) स्वयं को अपाहिज कहलवाना

घ) उपरोक्त में से कोई

14' बता नहीं पाएगा' से कवि का क्या आशय है?

क) दुखी व्यक्ति जल्दी से अपने दुख को व्यक्त नहीं कर पाता

ख)दुखी व्यक्ति बोलने में असमर्थ होता है ग) दुखी व्यक्ति अपनी अक्षमता को याद कर कुछ बता नहीं पाता

घ)उपरोक्त में से कोई नहीं

15 एक अपाहिज व्यक्ति का साक्षात्कार लेने का उद्देश्य क्या होता है?

क) अपाहिज व्यक्ति के लिए संवेदना इकट्ठा करना

ख) अपाहिज व्यक्ति के प्रति सहानुभूति प्रदर्शित करना

ग)दर्शकों की संवेदना प्राप्त कर चैनल को लोकप्रिय बनाना

घ) अपाहिज व्यक्ति के लिए चंदा इकट्ठा करना

16 कार्यक्रम प्रस्तुतकर्ता कैमरामैन को क्या निर्देश देता है?

क) अपाहिज का फोटो खींचो ख)कैमरे को बड़ा करके दिखाओ ग)अपाहिज की हंसते हुए वीडियो बनाओ

घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

17 मीडिया वाले कमजोर व्यक्ति से क्या पूछते हैं?

क) क्या आप अपाहिज है ? ख)आप क्यों अपाहिज है ? ग)आपका अपाहिजपन तो आपको दुखी करता होगा

घ)उपरोक्त सभी

18 समर्थ और शक्तिवान लोग कैसे लोगों को दूरदर्शन पर लाते हैं?

क) दुर्बल और अपाहिज व्यक्तियों को ख) अपने से अधिक समर्थ व शक्तिशाली लोगों को

ग) प्रतिष्ठित व्यक्तियों को

घ)दर्शकों को